दिल्ली पहुंची नमो भारत, मेरठ तक की आवाजाही हुई आसान

पीएम मोदी ने किया नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन, 40 मिनट में पूरी होगी यात्रा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली/मेरठ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे खंड का शुभारंभ किया। अब लोग मेरठ साउथ (भूड़ बराल)-दिल्ली के बीच की यात्रा 40 मिनट में पूरी कर सकेंगे। अभी तक नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच चल रही थी।

रविवार शाम से मेरठ के लोगों के साथ दिल्ली और अन्य स्थानों से मेरठ आने वाले यात्रियों लिए आनंद विहार के बीच आवाजाही आसान हो गई। अगले चरण में जल्द ही मेरठ साउथ से शताब्दी नगर (शॉप्रिक्स मॉल) तक रैपिड रेल की सुविधा मिलने की उम्मीद है। न्यू अशोक नगर-सराय काले खां के बीच भी निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर उन्होंने एनसीआरटीसी की ओर से 'नमो भारत-यात्रा राष्ट्र निर्माण की' शीर्षक से आयोजित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसमें राष्ट्र निर्माण की यात्रा में नमो भारत परियोजना के योगदान और दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया है।

पीएम ने इसके बाद एनसीआरटीसी की अत्याधुनिक एसेट मैनेजमेंट सिस्टम को भी देखा। इस सिस्टम की नमो भारत की परिचालन दक्षता और बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने में बड़ी भूमिका है।

- **पहली बार भूमिगत खंड में चलेंगी ट्रेनें :** रविवार शाम 5 बजे से साहिबाबाद को न्यू अशोक नगर से जोड़ने वाला खंड जनता के लिए शुरू कर दिया गया। नए खंड में से 6 किमी भूमिगत है। इसमें कॉरिडोर का प्रमुख स्टेशन आनंद विहार है। यह पहली बार है जब नमो भारत ट्रेनें भूमिगत खंड में चलेंगी।

नमो भारत रेल में महिला पायलटों से बात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। संवाद

पीएम ने यूपीआई से किया डिजिटल भुगतान

सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में इंटीग्रेटेड डिजिटल भुगतान से होने वाली सुविधा और सरलता का प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री ने यूपीआई से भुगतान किया। पीएम ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड भी खरीदा। इसके बाद नमो भारत में सफर किया। यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न वर्गों के यात्रियों से बातचीत भी की।

कोई कल्याणकारी योजना बंद नहीं होगी, भ्रष्टाचार का करेंगे खात्मा : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमले किए। आप पर केंद्र से टकराव में एक दशक बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा, भाजपा के सत्ता में आने पर कोई भी जनकल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी, बल्कि पार्टी आप सरकार के भ्रष्टाचार को खत्म करेगी। उन्होंने कहा, दिल्ली को आपदा नहीं, विकास की धारा चाहिए। पीएम मोदी रविवार को दिल्ली के रोहिणी में भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, बीते 10 सालों में दिल्ली ने जिस तरह की सरकार देखी है, वह किसी आपदा से कम नहीं है। मेट्रो स्टेशनों से बाहर निकलते ही गड्ढे वाली सड़कें, ओवरफ्लो होते सीवर नजर आते हैं। कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां जाम के कारण ऑटो व कैब वाले जाने से मना कर देते हैं। आपदा सरकार को दिल्लीवासियों और दिल्ली के विकास की कोई चिंता नहीं है। इसलिए दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है, आपदा नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे। ब्यूरो

>> रफ्तार संग 40 मिनट में पूरा किया मेरठ से दिल्ली तक सफर: माई सिटी 01